राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय परिसर, अलवर)
☎ Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321
Website : www.rrbmuniv.ac.in

क्रमांक– रात्रऋभमवि / अल / अका. प्रथम / 2024 / 1227 दिनांक– 27.06.2024

विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 13.06.2024 का कार्यवाही विवरण

विश्वविद्यालय की प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 13.06.2024 को माननीय कुलपति महोदय प्रो. शील सिंधु पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुएः–

1.	प्रो. शील सिंधु पाण्डेय	माननीय कुलपति एवं अध्यक्ष
2.	डॉ0 सुशील कुमार सारस्वत	माननीय कुलाधिपति नामनिर्दिष्ट
3.	प्रो. अरूण कुमार चतुर्वेदी	माननीय कुलाधिपति नामनिर्दिष्ट
4.	डॉ. अनिता सोनी	कुलपति नामनिर्दिष्ट, डीन शिक्षा संकाय
5.	डॉ. अनुज सक्सेना	संयुक्त शासन सचिव (उच्च शिक्षा ग्रुप–4) (ऑन लाईन उपस्थित)
6.	कै. फैली राम मीना (रजिस्ट्रार)	सदस्य सचिव

बैठक के प्रारम्भ में माननीय सदस्यों का कुलपति द्वारा स्वागत किया गया। तदुपरान्त विश्वविद्यालय की उपलब्धियों एवं गतिविधियों की जानकारी करायी गयी। इसके पश्चात बैठक एजेण्डा पर विचार विमर्श कर निम्ननानुसार निर्णय लिये गयेः–

एजेण्डा बिन्दु 01 :– विश्वविद्यालय की प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 08.06.2024 का कार्यवाही विवरण का अनुमोदन तथा चतुर्थ दीक्षांत समारोह की तैयारियों की समीक्षा। (संलग्न–01)

निर्णय :– विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 08.06.2024 का कार्यवाही विवरण का उपस्थित सभी माननीय सदस्यों द्वारा अनुमोदन किया गया एवं दिनांक 14.06.2024 को होने वाले चतुर्थ दीक्षांत समारोह के आयोजन में परीक्षा वर्ष 2021, 2022 एवं 2023 की उपाधियों एवं प्रदान किये जाने वाले पदकों की समीक्षा कर उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा अनुमोदन किया गया।

टेबल एजेण्डा :– अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु।

- निर्णय 01 :– माननीय अध्यक्ष महोदय ने अवगत कराया है कि विश्वविद्यालय द्वारा वाहन व्यवस्था के लिये ई–निविदा संख्या 01 / 2023–24 के अनुसार एल 1 फर्म मैं. भारद्वाज ट्यूर एण्ड ट्रेवल्स से किये गये अनुबन्ध का लोकसभा चुनाव 2024 की MCC, दीक्षांत समारोह तथा वर्ष 2024 की परीक्षाओं के लिये वाहनों की अतिआवश्यकता को देखते हुये निविदा शर्तो एवं RTPP नियमों के अनुसार 6 माह के लिये नवीनीकरण का निर्णय प्रशासनिक विभाग के संयुक्त सचिव की सहमति से निर्णय लिया गया। उक्त निर्णय को माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।
- निर्णय 02 :– प्रबंध मंडल बैठक दिनांक 07.03.2024 के निर्णयानुसार विश्वविद्यालय परिसर में अध्ययनरत छात्रों हेतु आवागमन में प्रयुक्त बस का किराया चुनाव आयोग द्वारा लोक

SPandey 27-6-2024

सभा चुनाव 2024 में बस के लिये निर्धारित किराये के आधार पर किये जाने का निर्णय पुनः सर्वसम्मति से माननीय सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया गया।

- निर्णय 03 :– माननीय अध्यक्ष महोदय ने अवगत कराया है कि विश्वविद्यालय के विधि सहायक का वेतन निर्धारण प्रकरण के संदर्भ में महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा गठित जांच समिति की संस्तुति एवं कुलाधिपति महोदय की आज्ञा क्रमांक एफ. 45(1)आरबी/2020/6382 दिनांक 23.12.2023 की पालना में विश्वविद्यालय द्वारा जारी विज्ञापन 01/2017 के अनुसार वेतन श्रृंखला 9300–34800 ग्रेड पे 4800 एवं विश्वविद्यालय आदेश पत्रांक राऋभमवि/अल/संस्थापन/ 2024/251 दिनांक 24.04.2024 के अनुसरण में किया जाना है। उक्त समस्त निर्णय को माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

बैठक के अन्त में कुलसचिव महोदय द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया गया।

SPandey
27-6-2024

कुलपति

कुलपति
राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय

कुलसचिव

कुलसचिव
राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय
अलवर (राज०)